# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/छाप्रोप्र/स/60125/गार्गी/2020–21 दिनांक : 02.07.2021

**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,**
**समस्त ब्लॉक/जिले**

**विषयः सत्र 2020–21 में गार्गी पुरस्कार एंव बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत शाला दर्पण पोर्टल पर बकाया आवेदनों को सत्यापन करवाने एवं आवेदन ऑनलाईन भरवाने के संबंध में।**

**प्रसंगः प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार,जयपुर के अ.शा. प.कमांक :1560 दिनांक 28.06.2021**

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक अर्द्धशासकीय पत्र के कम लेख है कि शालादर्पण पोर्टल पर सत्र 2020–21 में गार्गी पुरस्कार एंव बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत कुल **177980** पात्र बालिकाओं से शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन माह फरवरी 2021 से अप्रैल 2021 तक भरवाये गये थे उक्त अवधि में **154592** बालिकाओं ने ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गए थे,जिसमें से **132599** बालिकाओं के लिए पुरस्कार राशि DBT के माध्यम से बालिकाओं के बैंक खाते में स्थानान्तरित कर दी गई है। शेष बालिकाओं के कुल आवेदन पत्र **(154592–132599)** = **21993 का सत्यापन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा नहीं किया गया है,** जिसके कारण इन वंचित बालिकाओं की पुरस्कार राशि DBT के माध्यम से बालिकाओं के बैंक खाते में स्थानान्तरण करना सम्भव नहीं हो सका। इन शेष कुल **21993** बालिकाओं के बैंक खातें के विवरण की जॉच सहित सत्यापन कार्य तत्काल सम्पन करना सुनिश्चित करें। विलम्ब की स्थिति में आप स्वंय की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

सत्र 2020–21 में गार्गी पुरस्कार एंव बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित रही कुल बालिकाओं **(177988–154592) = 23388** को शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने के लिए पोर्टल पुनः प्रारम्भ किया गया है, अपने अधीनस्थ संस्थाप्रधान के माध्यम से उक्त शेष बालिकाओं को ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम **दिनांकः 10.07.2021 तक** शत् प्रतिशत भरवाना सुनिश्चित करें। उक्त दोनों कार्यों को तत्काल करवाना सुनिश्चित करें।

**(सौरभ स्वामी)**
**IAS**
**निदेशक,**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**
**बीकानेर**

क्रमांक : शिविरा–मा/छाप्रोप्र/स/60125/गार्गी/2020–21 दिनांक : 02.07.2021

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार,जयपुर के अ.शा.प. कमांक :1560 दिनांक 28.06.2021 के पत्र के कम में सूचनार्थ।

2. सचिव, बालिका शिक्षा फाउण्डेशन जयपुर ।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. **समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान,** को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधिनस्थ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–द्वितीय,समग्र शिक्षा अभियान,समस्त ब्लॉक को निर्देशित करते हुए सम्पूर्ण कार्य तत्काल करवाने हेतु पाबन्द करें।
5. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक–मुख्यालय** को प्रेषित करते हुए लेख है कि शेष सम्बधित बालिकाओं के संस्थाप्रधान से सम्पर्क करके तत्काल उनके शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन भरवाना सुनिश्चित करावें।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
7. रक्षित पत्रावली।

**निदेशक,**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**
**बीकानेर**